**Fourteenth Loksabha**

**Session : 6**
**Date : 23-12-2005**
**Participants : Manjhi Shri Rajesh Kumar**

>

Title : Need to expedite construction of Gaya International Airport in Bihar with air connectivity with New Delhi.

**श्री राजेश कुमार मांझी (गया)** : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र, गया, बिहार में एक अंतर्राट्रीय हवाई अड्डा है जिसका निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। निर्माण कार्य में काफी अनियमितता भी बरती जा रही है जिसके कारण इसमें देरी हो रही है। गया एक अंतर्राट्रीय महत्व का पर्यटक एवं धार्मिक स्थल है। दिल्ली से गया के लिए कोइ उड़ान नहीं होने के कारण, पर्यटकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और विदेशी पर्यटक उससे निरूत्साहित हो जाते हैं।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से यह मांग करता हूं कि गया अतंर्राट्रीय हवाइ अड्डे का निर्माण कार्य शीध्रातिशीघ्र पूरा करवाया जाये एवं दिल्ली से गया के लिए एवं फिर गया से दिल्ली के लिए एक उड़ान की अनुमति यथाशीघ्र दी जाये।